पंजाब केसरी 22/09/2025

पेंटिंग प्रतियोगिता में खुशी व स्लोगन में राधिका ने पाया प्रथम स्थान

अम्बाला, 21 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के महिला सैल द्वारा कन्या भ्रूण हत्या, महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता, दहेज प्रथा और विज्ञान में महिलाएं जैसे सामाजिक विषयों पर पेंटिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बी.बी.ए. द्वितीय वर्ष की खुशी रहीं, जबकि द्वितीय स्थान बी.बी.ए. प्रथम वर्ष की दिव्या एवं तृतीय स्थान पर एम.ए. प्रथम वर्ष की ओलिविया ने प्राप्त किया।

सांत्वना पुरस्कार बी.बी.ए. प्रथम वर्ष की दीक्षा को दिया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी.ए. द्वितीय वर्ष की राधिका सैनी ने हासिल किया, जबकि द्वितीय स्थान पर बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष की अर्चना और तृतीय स्थान पर बी.बी.ए. प्रथम वर्ष की दीक्षा गोयल रहीं। सांत्वना पुरस्कार बी.बी.ए. प्रथम वर्ष की निकिता गोयल को प्राप्त हुआ।

जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली छात्राएं। (देवदत्त)

इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य इन सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरुकता फैलाना और समाज में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने के लिए युवा पीढ़ी को प्रेरित करना था। प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं को सामाजिक मुद्दों पर सोचने और अपने विचारों को व्यक्त करने का एक मंच प्रदान करती हैं। उन्हें गर्व है कि उनके कालेज के छात्र-छात्राएं समाज में सकारात्मक बदलाव के प्रति जागरूक हैं।

महिला सैल एवं प्रतियोगिता संयोजिका डा. नेहा अग्रवाल ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, ताकि छात्र-छात्राओं को सामाजिक और नैतिक शिक्षा के साथ-साथ उनकी रचनात्मकता को भी प्रोत्साहन मिल सके। इस अवसर पर महिला सैल की सदस्य डा. नियती एवं डा. नीना ने सक्रिय भागीदारी की।

प्रतियोगिता में डा. पिंकी गुप्ता एवं डा. रितु गुप्ता ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।